## <u>Topic 1 :– एलजीबीटीक्यू के लिए समिति</u>

**चर्चा में क्यों-** हाल ही में केंद्र सरकार के द्वारा एलजीबीटीक्यू क्यों समुदाय के लिए एक समिति का गठन किया गया है



LGBTQ + के अंतर्गत लेस्बियन, गे, बाइसेक्शुअल, ट्रांसजेंडर, क्वीर, इंटरसेक्स और एसेक्सुअल तथा अन्य अन्य असामान्य लोगों को शामिल किया जाता है

इस समिति का गठन सुप्रीम कोर्ट द्वारा सुप्रियो चक्रवर्ती बनाम यूनियन ऑफ इंडिया मामले की सुनवाई के दौरान किया गया

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में समलैंगिक विवाह मामले (Same Sex Marriage Case) से संबंधित निर्णय दिया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए इस निर्णय के बाद केंद्र सरकार ने समलैंगिक समुदाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों की जांच के लिए इस समिति का गठन किया है

### सुप्रियो चक्रवर्ती बनाम यूनियन ऑफ इंडिया वाद 2023:–

इस वाद में सुप्रीम कोर्ट ने माना था कि एलजीबीटीक्यू समुदाय को विवाह अधिनियम 1954 के तहत विवाह करने का कोई मौलिक अधिकार प्राप्त नहीं है।

हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा गठित समिति में कुल 6 सदस्य होंगे तथा अध्यक्ष के रूप में केंद्रीय गृह सचिव राजीव गौबा को चुना गया है

### समिति का कार्य :–

1. वस्तुओं और सेवाओं तक पहुँचने में Simplifie एलजीबीटीक्यू + व्यक्तियों के खिलाफ भेदभाव को खत्म करना।

2.एलजीबीटीक्यू + व्यक्तियों के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपाय तलाशना।

3. अनैच्छिक चिकित्सा उपचार या सर्जरी को रोकने ।

## Topic 2 :- बनारस के दो उत्पादों को जी आई टैग

Mitra

**बनारस की तिरंगा बर्फी और ढलुआ मूर्ति धातुशिल्प**

### तिरंगा बर्फी :-



इस बर्फी का संबंध भारत की आजादी से है । इस बर्फी का प्रयोग भारत की आजादी के आन्दोलन में क्रान्तिकारियों की खुफिया बैठकों एवं गुप्त सूचनाओं की जानकारी एक दूसरे तक पहुंचाने के लिए इसका इजाद हुआ जो आगे

इस बर्फी को तीन रंग से बनाया जाता है केसरिया, हरा और सफेद। केसरिया रंग केसर से ,सफेद रंग में खोए की सफेदी व काजू के प्रयोग से और हरा रंग पिस्ता से प्राप्त किया जाता है।

## वाराणसी ढलुआ शिल्प

बनारस ढलुआ शिल्प का संबंध बनारस के काशीपुरा मोहल्ले से है। इस कला के अंतर्गत ठोस छोटी मूर्तियां का निर्माण किया जाता है

जिसमें माँ अन्नपूर्णा, लक्ष्मी-गणेश, दुर्गाजी, हनुमानजी माँ अन्नपूर्णा, के नक्सीदार घंटी- घंटा, आचमनी पंचपात्र ,सिंहासन व सिक्कों की ढलाई वाले सील मुख्य रूप से निर्मित किए जाते हैं।

उत्तर प्रदेश में जीआई टैग

उत्तर प्रदेश में 75 उत्पादों को अब जीआई टैग प्राप्त हो चुका है। इन उत्पादों में 58 हस्तशिल्प और 17 कृषि एवं खाद्य उत्पाद से संबंधित हैं। उत्तर प्रदेश भारत का ऐसा राज्य जिसे सबसे अधिक जी आई टैग प्राप्त हो चुके हैं

Cult Mitra

## Topic 3 :– माउंट रुआंग

**चर्चा में क्यों :–** हाल ही में इंडोनेशिया में स्थित माउंट 'रुआंग' में ज्वालामुखी विस्फोट देखा गया।

माउंट 'रुआंग' ज्वालामुखी (Mount Ruang) इंडोनेशिया के उत्तरी प्रांत सुलावेसी में स्थित है जिसमे हाल ही में विस्फोट हुआ।



### माउंट रुआंग से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण तथ्य:–

रुआंग' इंडोनेशिया के 'सांगिहे' द्वीपसमूह में स्थित सर्वाधिक दक्षिणी 'स्ट्रैटो वोल्केनो' है। माउंट रुआंग में प्रथम विस्फोट वर्ष 1808 में देखा गया था।

### स्ट्रेटो वॉल्केनो

ये ज्वालामुखी रेत या बजरी जैसी कठोर ज्वालामुखीय चट्टान के लावा प्रवाह की परतों से बने होते हैं ।इन्हे सिंडर या ज्वालामुखीय राख कहा जाता है।

इन ज्वालामुखियों में भयानक विस्फोट देखने को मिलते है क्योंकि ये अधिक समय तक चिपचिपे लावा तथा गैस के दबाव को उच्च स्तर तक बनाए रखते है ।

### इन ज्वालामुखी की संरचनाएँ :-

आम तौर पर 10 से 20 मील चौड़ी । 10,000 फीट या उससे अधिक ऊंचे होते है। किनारों पर 6 से 10 डिग्री की तीव्र ढलान होती है । शीर्ष के पास 30 डिग्री तक की ढलान होती है।

इंडोनेशिया, द्वीपसमूह राष्ट्र है जो प्रशांत क्षेत्र में स्थित "रिंग ऑफ फायर" के अंतर्गत आता है जिस कारण यहां लगातार भूकंपीय और ज्वालामुखीय गतिविधि का अनुभव होता है।

Result Mitra

## Topic 4 :- आईएमएफ (IMF) और भारत

**चर्चा में क्यों :-** हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के द्वारा भारत को सुझाव दिए गए हैं कि उसे शिक्षा तथा स्वास्थ्य में निवेश पर ध्यान देना चाहिए

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा है कि भारत में बढ़ती हुई जनसंख्या एक चिंता का कारण है जिसके निदान के लिए भारत को शिक्षा तथा स्वास्थ के निवेश पर अधिक ध्यान देना चाहिए जिससे आने वाली युवा पीढ़ी को पर्याप्त रोजगार और अवसर सुनिश्चित हो सके।

### आईएमएफ के सुझावः-

हाल ही में एक रिपोर्ट प्रकाशित की गई जिसमें कहा गया है की 65% भारतीय 35 वर्ष से कम आयु के हैं । जिससे भारत की श्रम शक्ति में प्रति वर्ष 15 मिलियन लोगों की वृद्धि होती जा रही है । इतने अधिक लोगों को बेहतर भविष्य देने के लिए स्वास्थ्य एवं शिक्षा में अधिक निवेश करने की आवश्यकता है।

आने वाली पीढ़ी को एआई (AI) तथा ऐसी अन्य चुनौतियों से प्रतिस्पर्धा करने के लिए आवश्यक है उन्हे पर्याप्त कौशल प्रदान किया जाए। तो वहीं दूसरी तरफ आईएमएफ (IMF) ने युवाओं में उच्च बेरोजगारी दर और दुनिया में चल रही मंदी के बावजूद वित्त वर्ष 2025 में भारत की अर्थव्यवस्था के 6.8% की वृद्धि दर का अनुमान किया है ।

## आईएमएफ (IMF) :-

**क्या है :-** एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन

आईएमएफ की स्थापना 1930 के दशक की महामंदी के बाद 1944 में की गई थी।

जुलाई 1944 में ब्रेटन वुड्स, न्यू हैम्पशायर, संयुक्त राज्य अमेरिका में एक संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में इसकी स्थापना की गई।

उद्देश्य :- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को प्रोत्साहित करने,वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देने तथा वैश्विक मौद्रिक सहयोग को बढ़ावा । साथ ही सदस्य देशों को नीति सलाह, वित्तीय सहायता तथा क्षमता निर्माण प्रदान करना।

आईएमएफ के वर्तमान में 190 सदस्य देश हैं।

आईएफ में जिस देश का जितना वित्तीय योगदान होता है उसे उतनी अधिक मतदान की शक्ति प्राप्त होती है

अगर कोई राष्ट्र पुनर्निर्माण एवं विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय बैंक (IBRD) का सदस्य बनना चाहता है तो इसके लिए आवश्यक है कि वह आईएमएफ की सदस्यता पहले प्राप्त करे ।

Result Mitra